## संक्षिप्त

### वीरेंद्र प्रदेश महासचिव बने



**बहरोड़/मुंडावर, (निसं)।** मुंडावर तहसील के जसाई ग्राम पंचायत सरपंच वीरेंद्र शर्मा को राष्ट्रीय सरपंच संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयराम पलसानिया द्वारा प्रदेश महासचिव पद पर नियुक्त करने पर अहीर रेजिमेंट के राष्ट्रीय अध्यक्ष समाजसेवी इंदर यादव, यादवेंद्र उपाध्याय, धर्मेंद्र यादव, चेतन तनवानी, जयपाल यादव, बजरंग यादव, जेपी यादव, पुरुषोत्तम भारद्वाज, डॉक्टर फूल सिंह चौधरी, राजेंद्र मास्टर, रामकुमार, पूर्व सरपंच देवा पंडित आदि लोगों ने घर पहुंचकर बधाई दी।

### असंतुलित हो ट्रक पलटा

**बोराज, (निसं)।** कस्बे में महला जोबनेर मेगा हाईवे सड़क मार्ग पर महला से जोबनेर रोड श्री सीमेंट प्लांट को जा रहा ट्रोला सोमवार प्रातः ड्राइवर द्वारा गाय को बचाने के चक्कर में संतुलन बिगडने से नसीयां मोड पर कच्चे माल से भरा ट्रोला पलटी खा गया। घटना की सूचना पर पहुंचे ग्रामीण व बालाजी पुलिस चौकी बीट अधिकारी रामनिवास ने घटना की जानकारी ली । स्थानीय नीरज कुमावत व आसिफ भाई ने मामूली चोट ग्रस्त ट्रक ड्राइवर को स्थानीय सीएचसी में प्राथमिक उपचार करवाकर वापस ट्रोले के पास छोडा। पुलिस ने श्री सीमेंट प्लांट ऑफिस में घटना की जानकारी दी व यातायात को सुचारू करवाया।

### भजन संध्या 1 अक्टूबर को

**टोंक, (निसं)।** शारदीय नवरात्रा के उपलक्ष्य में कोली समाज टोंक द्वारा विशाल भजन संध्या एक शाम मातारानी के नाम का आयोजन 1 अक्टूबर शनिवार को श्रीशिव राधाकृष्ण मन्दिर महावर नगर अस्तल रोड छावनी टोंक में किया जाएगा। कोली समाज के जिलाध्यक्ष एवं पूर्व पार्षद अशोक महावर ने बताया कि भजन संध्या में राजस्थान के प्रसिद्ध गायक लखन भारती यूटयूब सिंगर एवं डबल रंगीला सिंगर, गुलाबचंद महावर, गणेश छैला, मुस्कान डांसर एंड पार्टी द्वारा मधुर संगीतमय भजन पेश करेंगे।

### 3 घंटे विद्युत सप्लाई बंद रहेगी

**बहरोड़/ नीमराना, (निसं)।** औद्योगिक क्षेत्र बहरोड़ व ग्रामीण क्षेत्र में 3 घंटे विद्युत सप्लाई बंद रहेगी। विद्युत वितरण निगम जयपुर के बहरोड़ तहसील क्षेत्र की विद्युत सप्लाई 28 सितंबर बुधवार को सुबह 7 बजे से 10 बजे तक 132 केवी जीएसएस बहरोड के रखरखाव के कारण 33 केवी बहरोड, बर्डोद, गूंती, रिवाली, भोजाडा, डवानी जीएसएस निकलने वाली सभी 11 केवी के फीडर बंद रहेंगे। जिससे संपूर्ण शहर बहरोड, औद्योगिक क्षेत्र बहरोड व ग्रामीण क्षेत्रों में 3 घंटे विद्युत सप्लाई बंद रहेगी। उक्त जानकारी एईएन विद्युत विभाग बहरोड़ द्वारा दी गई।

### पुण्यतिथि पर गौसेवा की

**कोटपूतली, (निसं)।** भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष एड. हीरालाल रावत के नेतृत्व में मंगलवार को किसान नेता व पूर्व सरपंच स्व. बनवारी लाल रावत की 38 वीं पुण्यतिथि पर गौ सेवा की गई। निकटवर्ती पनियाला-कालूहेडा गौशाला में गायों को गुड व दलिया खिलाया गया। साथ ही लम्पी वायरस से बचाव के लिए गायों को आयुर्वेदिक लड्डू भी खिलाये गये। इस दौरान भाजपा नेता सांवतराम रावत, सुभाष रावत, उमराव रावत, पशुधन सहायक हंसराज गुर्जर, मनोज गुर्जर सहित बडी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### जोधानन्दजी की छठी पदयात्रा रवाना

**चाकसू, (निसं)।** मंगलवार को मण्डालिया मैदा से जोधानन्द महाराज की छठी पदयात्रा ठाकुर महाराज के मंदिर से डीजे बैंडबाजे के साथ रवाना हुई। पदयात्रा के मुखिया कैलाश आरवाल ने बताया कि मंगलवार को मंदिर में पदयात्रा के ध्वज व रथ का पंडित गिर्राज शर्मा के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन के बाद मुख्य अतिथि जीएसएस अध्यक्ष शिवराज गुर्जर व रामवतार आरवल, पूजन कर युवा नेता राजाराम पोसवाल, आशाराम आरवल, राकेश डोई, अध्यापक शौकीन गुर्जर, राकेश गुर्जर सवाईमाधोपुर, मनराज फागणा आदि ने हरी झंडी दिखाकर पदयात्रा को रवाना किया।

# डाबला रोड़ पर भारी वाहनों की नो एंट्री की मांग

**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बे के डाबला रोड़ पर भारी वाहनों की नो एन्ट्री की मांग को लेकर क्षेत्र के लोग लाम्बंद होने लगे हैं।

कस्बे के मुख्य चौराहा से निकटवर्ती ग्राम नारेहड़ा तक भारी वाहनों की नो एन्ट्री की मांग को लेकर मंगलवार को समाजसेवी राधेश्याम शुक्लावास के नेतृत्व में खनन ग्रस्त संघर्ष समिति, डॉ. अम्बेडकर विचार मंच, भीम आर्मी सहित विभिन्न संगठनों ने डाबला रोड़ पर विश्वकर्मा मंदिर पर

- **खनन ग्रस्त संघर्ष समिति सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों ने किया प्रदर्शन**

एकत्रित होकर जुलूस निकालकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी करते हुए उपखण्ड कार्यालय पहुंचकर एसडीएम ऋषभ मण्डल को उक्त मांग को लेकर ज्ञापन भी सौंपा।

जिस पर एसडीएम ने शीघ्र ही उचित कार्यवाही किये जाने का आश्वासन दिया। समाज सेवी राधेश्याम शुक्लावास ने बताया कि डाबला रोड़ पर भारी वाहनों की नो एन्ट्री की मांग को लेकर पूर्व में भी धरने प्रदर्शन किये गये थे। जिसके बाद स्थानीय प्रशासन द्वारा वर्ष 2017-18 में नो एन्ट्री लागू की गई थी। चौलाई मोड़ व कृपा का तिबारा पर साईन बोर्ड



**कोटपूतली में विभिन्न सामाजिक संगठनों के लोगों ने उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।**

भी लगाये गये थे। लेकिन एक वर्ष बाद ही स्थिति पहले जैसी हो गई। डाबला रोड़ पर भारी वाहनों के आवागमन से आये दिन दुर्घटनायें होती रहती हैं। गौरतलब है कि विगत कुछ दिनों पूर्व ही एक ट्रक ने स्कूल से आ रही एक मासूम बच्ची को कूचल दिया था। जिससे गुस्साई भीड़ ने ट्रक में आग लगा दी थी।

सामाजिक कार्यकर्ता राधेश्याम शुक्लावास ने उच्चाधिकारियों को पत्र प्रेषित कर डाबला रोड़ पर पानादेवी कन्या महाविद्यालय समेत सरकारी व प्राईवेट शिक्षण संस्थानों, दुकानदारों सहित भीड़ भाड़ का क्षेत्र होने से दुर्घटना होने का खतरा बताते हुए नो एंट्री कि मांग की थी। जिस पर प्रशासन ने करीब एक माह से सुनवाई नहीं की। इस पर मंगलवार को धरना प्रदर्शन कर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान शुक्लावास सरपंच सचिन यादव, दाताराम यादव, खडब सरपंच मालाराम गुर्जर, नारेहडा सरपंच संतू सिंह, समाजसेवी रतनलाल शर्मा, टसकोला सरपंच, पार्षद रेणु अग्रवाल, पार्षद तारा पूतली, पूर्व तहसीलदार रामनिवास यादव, महेश सैनी, राजेन्द्र यादव जगदीशपुरा, पूर्व गिरदावर रामनिवास यादव, जगदीश आर्य, राजेन्द्र चौधरी, अरविंद, बनवारीलाल शास्त्री, सुधीर भारद्वाज, धर्मवीर गुर्जर, शीशराम रावत व कृष्ण रावत सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## थार जीप से अवैध शराब बरामद

**बौंली, (निसं)।** सवाई माधोपुर जिला पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार विश्नोई के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रकाश चंद सबडिवीजन गंगापुर सिटी के सुपरविजन में सवाई माधोपुर जिले में चलाए जा रहे अवैध शराब एवं फरार आरोपियों की धरपकड़ अभियान के तहत बौंली पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक थार जीप से अवैध शराब बरामद की है एवं एक अपहरण व मारपीट के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है।

बौंली पुलिस ने गश्त के दौरान एक थार जीप पुलिस को देख कर चालक जीप को भगाने लगा। पुलिस को संदेह होने पर पुलिस ने उसका पीछा किया जिससे चालक पुलिस को पीछे देख कर जीप को छोड़कर खेतों में खड़ी फसलों में होकर फरार हो गया। पुलिस ने जीप की तलाशी ली तो उसमें 17 बोतल बियर टूबर्ग, 240 देसी पव्वा नींबूडा, 48 पावे बोदका के बरामद किए गए। वहीं अवैध शराब व फरार आरोपियों की धरपकड़ अभियान में पुलिस टीम के साथ सर्किल इंस्पेक्टर कुसुमलता मीणा, सहायक उप निरीक्षक अंबालाल, हेड कांस्टेबल बनवारीलाल, कांस्टेबल दीपक, व समंदर शामिल थे। एक अन्य मामले में पुलिस ने अपहरण व मारपीट के मामले में फरार चल रहे आरोपी हनुमान मीणा उम्र 33 वर्ष निवासी घटानेनवाड़ी को गिरफ्तार किया है। यह मामला 10 जून 2022 को बौंली थाने में दर्ज हुआ था इसके तीन आरोपी पूर्व में गिरफ्तार किए जा चुके हैं। इसकी गिरफ्तारी में पुलिस टीम में सहायक उप निरीक्षक नंदराम, पुलिस थाना मित्रपुरा कांस्टेबल गिर्राज व चेतनराम मित्रपुरा पुलिस थाना शामिल थे।

## मूर्ति खंडित करने वालों को गिरफ्तार करने की मांग

**पावटा, (निसं)।** अंबेडकर पार्क में लगी बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण अभी तक नहीं हुआ है। अनावरण से पहले ही बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को किसी असामाजिक तत्वों द्वारा खंडित कर दिया गया था।

उन असामाजिक तत्वो की गिरफ्तारी को लेकर सर्व समाज द्वारा धरना प्रदर्शन भी किया गया था। जिस पर जनप्रतिनिधियों व पुलिस प्रशासन के आश्वासन के बाद धरना समाप्त कर दिया गया था। लेकिन उस मामले का आज तक खुलासा नहीं होने को लेकर सामाजिक संगठन और आस पास के सर्व समाज के लोगों ने पावटा एसडीएम राजवीर सिंह यादव को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई है कि प्रतिमा का अनावरण जब ही होगा जब पहले प्रतिमा को तोड़ने वाले आरोपी पकड़े जाएंगे। इसके लिए पहले भी कई बार पुलिस प्रशासन को अवगत करवाया जा चुका है। पुलिस प्रशासन द्वारा 15 दिन का टाइम दिया गया था। लेकिन कई सालों बाद भी अभी तक मुजरिम हमारे सामने नहीं आये। मुजरिमों को पकड़ने के बाद ही प्रतिमा का अनावरण किया जायेगा। एसडीएम राजवीर सिंह द्वारा इस ज्ञापन को मुख्यमंत्री, राज्यपाल, राज्यमंत्री, विधायक और अन्य प्रशासनिक अधिकारियों को अवगत करवाया गया। इस मौके पर राधेश्याम शुक्लाबास, विकास खारडिया, मुकेश चौकी, सुभाष मेहरा, नरेंद्र कुलदीप, विष्णु इंदौरिया, राहुल वर्मा, अशोक वर्मा, राजेश यादव, रोहिताश यादव, कृष्ण यादव, सुरेश जाट, सचिन वर्मा, पूर्व विधायक प्रत्याशी विराटनगर तारा पुतली, जिला अध्यक्ष भीम सेना मनोज वर्मा सरपंच पंडितपुरा, आकाश अध्यक्ष कोटपूतली भीम सेना, कृष्ण बाकोलिया अध्यक्ष भीम आर्मी विराटनगर, बृजेश मोहनिया भीम आर्मी, सुनील खारडिया, सुनील पहाडीवाल पावटा, विकास एनएसयूआई, सुनील एनएसयूआई, हीरालाल भोजावाससहित सैकडों साथी मौजूद रहे।

# 'कांग्रेस के राज में भ्रष्टाचार का बोलबाला'

**नारायणपुर, (निसं)।** पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. रोहिताश शर्मा मंगलवार को बानसूर विधानसभा के उपखंड नारायणपुर में एक दिवसीय दौरे पर रहे। उन्होंने दो अलग-अलग स्थानों पर फीता काटकर विकास कार्यों उद्घाटन किया। नारायणपुर-जयपुर सड़क मार्ग पर स्थित ब्राह्मण समाज की कुल देवी दोघडिया माता के गढ़ी मामोड़ निवासी भामाशाह दीनदयाल प्रजापत (मुन्नी टेलर), डॉ.सुरेश प्रजापत द्वारा उनके पिता स्व.श्याम लाल प्रजापत की स्मृति में बनाएं गये कमरे का पूर्व मंत्री डॉ.रोहिताश शर्मा, महामंडलेश्वर जनार्दन दास व महंत मोहन दास महाराज के द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया गया।

वही पूर्व मंत्री ने कस्बे के पुरुषोत्तम प्लाजा में स्थित एसके टेलिकॉम का भी फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान



**नारायणपुर दौरे पर आये पूर्व मंत्री डॉ. रोहिताश शर्मा ने अलग-अलग स्थानों पर विकास कार्यों का उद्घाटन किया।**

आयोजनकर्ता द्वारा मौजूद अतिथियों का माला, साफा और शाल उढ़ाकर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री ने मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आज कांग्रेस के राज में चारो तरफ भ्रष्टाचार का बोलबाला है। इस मौके पर बामनवास कांकड़ सरपंच गणेश जाट, जीएसएस अध्यक्ष अर्जुन लाल, बिरदी चन्द, उमाकांत यादव, मोहन मंगलम, केसी यादव, राजेश गर्ग, गोविन्द अग्रवाल, मुकेश सैनी, राजू सैनी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

# मालपुरा में अलसवेरे से देर रात तक खुले रहते हैं शराब के ठेके

**मालपुरा, (निसं)।** मालपुरा विधानसभा क्षेत्र के 56 ग्राम पंचायत क्षेत्रों के लिए राज्य सरकार द्वारा 34 अधिकृत शराब की दुकानें आवंटित किये जाने के आदेशों के विपरीत चार दर्जन से अधिक शराब ठेकों के संचालित होने तथा स्टेट हाईवे से 500 मीटर के दायरे में शहरी क्षेत्र में चल रहे शराब ठेकों पर चौबीस घंटे धड़ल्ले से शराब की बिक्री होने के बावजूद पुलिस व आबकारी विभाग द्वारा चुप्पी सादे रहने से क्षेत्र में शराब माफियाओं का बोलबाला है।

- **आबकारी नियमों की उड़ रही धज्जियां, कार्यवाही से कतरा रहा प्रशासन**

यूं तो सरकारी नियमों के अनुसार सरकार ने शराब ठेकों के खुलने व बंद होने का समय निर्धारित कर नियम की लम्बी सूची सोशल मीडिया पर वायरल की जाती है लेकिन अवैध रूप से खुली इन शराब की दुकानों पर चौबीसों घंटे बिक रही शराब को लेकर ना तो आबकारी विभाग और ना ही संबंधित थाना पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही अमल में लाई जा रही है।

मालपुरा शहर से होकर गुजर रहे जयपुर भीलवाडा व दूदू छाण स्टेट हाईवे सहित मालपुरा अजमेर सड़क मार्ग पर 500 मीटर क्षेत्र के दायरे में संचालित शराब ठेकों पर कार्यरत कार्मिक ठेके के बाहर कुर्सी लगा आधा शट्टर खोल कर धड़ल्ले से शराब की बिक्री कर रहे हैं। समय सीमा समाप्त हो जाने के बाद भी देर रात तक ठेके खुले होने के दौरान पुलिस का गश्ती दल इन ठेकों के सामने से होकर तो गुजरता है लेकिन कार्यवाही नहीं की जा रही है।

आबकारी विभाग व शराब माफियाओं के बीच चल रहे सांठ-गांठ के इस गौरखधंधे को लेकर प्रिन्ट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में खबरें प्रकाशित होने के बावजूद विभागीय कार्यवाही नहीं होने से ठेकों पर कार्यरत कार्मिकों के हौसले बुलंद हो रहे हैं। शहर में संचालित तीनों ही शराब ठेकों का आलम यह है कि प्रातः 4 बजे शराब ठेके खुलते हैं जो कि रातभर खुले रहते हैं। जिसके चलते युवा वर्ग नशे की लत्त मे इतना मदमस्त होता जा रहा है कि उसे अपने भविष्य को लेकर कोई सुध नहीं है।

## अध्यापकों के पद रिक्त होने से पढ़ाई बाधित

**खाटूश्यामजी, (निसं)।** खाटूश्यामजी नगरपालिका क्षेत्र के हनुमानपुरा के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में प्रधानाचार्य सहित पांच पद रिक्त होने के कारण विद्यार्थियों का अध्ययन प्रभावित हो रहा है। जिसके चलते अब विद्यार्थी मजबूरन टीसी कटाकर पलायन कर रहे हैं।

- **शिक्षकों की कमी के चलते नामांकन घटा**
- **ग्रामवासियों ने शिक्षा मंत्री को भेजा ज्ञापन**

सेवा निवृत्त प्रधानाचार्य महावीर प्रसाद शर्मा ने बताया कि इस सत्र में उच्च माध्यमिक स्तर पर क्रमोन्नत किया गया था। अब तीन महिने का समय बीत जाने के बाद भी प्रधानाचार्य सहित पांच पद रिक्त हैं। विद्यालय में स्टाफ लगाने की मांग को लेकर ग्रामवासियों ने शिक्षा मंत्री को ज्ञापन भेजा है। जिसमें बताया गया है कि उच्च प्राथमिक स्तर पर विद्यालय में 425 का नामांकन था लेकिन अब उच्च माध्यमिक स्तर का विद्यालय होने के बाद स्टाफ की कमी के चलते 320 विधार्थी हो गए हैं और लगातार विद्यार्थियों व अभिभावक में टीसी कटाने की होड़ लगी है। ज्ञापन में बताया गया कि गत सत्र में यह विद्यालय जिले में आदर्श विद्यालय का गौरव हासिल किया था लेकिन अब शिक्षकों के अभाव में अब स्थिति अच्छी नहीं है। ग्रामीण बजरंग लाल शर्मा, चौथमल, नटवर लाल शर्मा, विनोद कुमार, गणपत, सुनिल कुमार सहित अनेक लोगों ने शिक्षा मंत्री से रिक्त पदों को भरने की मांग की है।

## पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष ने कार्यभार सौंपा

**सांभरझील, (निसं)।** राजकीय शाकंभर स्नातकोत्तर महाविद्यालय के पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष रामेश्वर चौधरी ने कार्यभार सौंपा। प्राचार्य डॉ दीपक शर्मा के निर्देश पर उन्होंने कार्यालय की चाबी भी सुपुर्द की।

इस अवसर पर प्राचार्य शर्मा, वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ डीसी डूडी व पूर्व छात्र परामर्शदाता समिति की संयोजिका जया राय, डॉ स्नेहलता, डॉ रामस्वरूप साहू, परामर्शदाता समिति के संयोजक डॉ संजय जैन, डॉ ओपी शर्मा, डॉ सुनीता चौधरी को साफा पहनाकर सम्मानित किया। इस दौरान खेल विभाग के भगत सिंह व प्राचार्य को डॉ एपीजे अब्दुल कलाम तथा राष्ट्रिपता महात्मा गांधी की तस्वीर भेंट की गई। नवगठित कार्यकारिणी को अपना कार्यकाल सफलतापूर्वक व महाविद्यालय के विकास हेतु शुभकामनाएं दी।

# सैन समाज की दो सौ से अधिक प्रतिभाओं को सम्मानित किया

**टोंक, (निसं)।** सैन समाज नारायणी धाम पदयात्रा समिति द्वारा मंगलवार को गायत्री धाम टोंक में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

जिसमें मुख्य अतिथि नारायणी सेना राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील गहलोत ने नारायणी माता की तस्वीर को दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान शिक्षा गौरव के नाम से सैन समाज की दौ सौ प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। अध्यक्षता प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष महिला मोर्चा ब्रजबाला सैन ने की वहीं मानव समाजिक सेवा संस्थान जयपुर के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश चंद्र सेन, नारायणी सेना के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष दीपक आजाद सांगानेर, नारायणी सेना राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भेरूलाल नटलालपुरा, विशिष्ट अतिथि रहे। समारोह को संबोधित करते हुए



**सैन समाज नारायणी धाम पदयात्रा समिति द्वारा गायत्री धाम टोंक में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया।**

नारायणी सेना राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील गहलोत ने कहा कि समाज में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है अब सैन समाज की प्रतिभाओं को आगे लाने के लिए समाज किसी भी प्रकार की कोई कमी नहीं छोड़ेगा । उन्होंने कहा कि सरकार में राजनीति के उच्च पदों पर बैठे समाज के लोगों को भी आम नागरिकों सहित समाज के लोगों की सहायता करनी चाहिए जिसमें समाज के लोगों का समाज के साथ जुड़ाव हो सके।

## शैक्षिक सम्मेलन आयोजित

**चाकसू, (निसं)।** मंगलवार को कस्बा स्थित खाल के बालाजी आश्रम में राजस्थान प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षक संघ का दो दिवसीय 42 वां ज़िला स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन का शुभारंभ मुख्य अतिथियों ने मां सरस्वती का माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया। सम्मेलन में सर्वप्रथम खुला मंच आयोजित कर शिक्षकों की समस्याएं सुनी एवं आमंत्रित अतिथिगण, शिक्षाविद तथा शिक्षा अधिकारी, शिक्षक व शिक्षार्थियों के उत्तरोत्तर विकास शिक्षा नीति, तृतीय श्रेणी अध्यापकों के स्थानांतरण, गैर शैक्षिणक कार्यों से मुक्त करने सहित अन्य आदि मांगों पर मंथन गहन विचार विमर्श किया और मांगों व समस्याओं के लिए संगठनात्मक पहलुओं मंथन किया। इस दौरान प्रधानाध्यापिका मंजू सांवरिया ने समस्याएं बताते हुए बालिका शिक्षा को लेकर अपनी रचित कविता का पाठ करते हुए कहा कि शिक्षक का हित शिक्षार्थी के हित में निहित है।

## सार-समाचार

### ऑपरेशन थियेटर का शुभारंभ किया



**फुलेरा, (निसं)।** कस्बे की जोबनेर सड़क स्थित राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में जनसेवक विद्याधर सिंह चौधरी के मुख्य आतिथ्य में ऑपरेशन थियेटर का शुभारंभ किया गया। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता चिकित्सा प्रभारी डॉ. धर्मेन्द्र भामू ने की। गौरतलब है कि वैश्विक महामारी कोरोना काल के दौरान स्थानीय विधायक निर्मल कुमावत के आग्रह पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के द्वारा नवीन सीएचसी भवन में चिकित्सालय में स्थानांतरित कर दिया गया था। परन्तु ऑपरेशन थियेटर चालू नहीं हो सका था। वहीं फुलेरा सीएचसी में दो कुशल गायनी होने के बाद भी गर्भवती महिलाओं को जयपुर अथवा निजी अस्पताल में जाने पर मजबूर होना पड़ता था। साथ ही नीजी अस्पताल में सिजेरियन डिलेवरी के लिए करीब 25-30 हजार रूपये खर्च करना पड़ता था। इस समस्या के समाधान हेतु स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों के द्वारा राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में स्थापित ऑपरेशन थियेटर की सुविधा को चालू करवाने के लिए लगातार मांग की जा रही थी। सीएचसी प्रभारी डॉ. भामू ने बताया कि अस्पताल में ऑपरेशन थियेटर की सुविधा शुरू होने से अब गर्भवती महिलाओं को सुविधाएं मुहैया हो सकेगी।

### रामलीला का मंचन जारी



**कोटपूतली, (निसं)।** ताडका व सुबाहु के वध के बाद प्रभु श्रीराम व लक्ष्मण महर्षि विश्वामित्र के साथ वन में एक आश्रम में पहुंचे। जहां उन्हें ज्ञात हुआ कि गौतम मुनि की पत्नी अहिल्या अपने पति द्वारा मिले श्राप की वजह से आश्रम में पत्थर के स्वरूप में श्राप को भोग रही है। महर्षि के आदेश पर प्रभु श्रीराम ने अपने चरणों के स्पर्श से पुनः अहिल्या को अपना सुन्दर स्त्री का मूल स्वरूप प्रदान किया। जिसके बाद वह श्राप से मुक्त हो गई। उक्त संवादों का मंचन सोमवार को कस्बे के आजाद चौक स्थित कचहरी परिसर के रामलीला मंच पर श्री रामलीला मण्डल कोटपूतली के तत्वाधान में आयोजित की जा रही रामलीला में किया गया। इस दौरान धनुष यज्ञ समेत रावण बाणासुर संवाद, लक्ष्मण जनक संवाद व लक्ष्मण परशुराम संवाद की लीला दिखाई गई। मंगलवार को प्रभु श्रीराम का विवाह दिखाया जायेगा। इस मौके पर मुख्य अतिथि के तौर पर पहुँचे भामाशाह बिहारी लाल, दिनेश कुमार मित्तल ने प्रभु श्रीराम के चरणों में 11 हजार रूपयों की राशि भेंट की। इस दौरान कमेटी अध्यक्ष रमेश महाकाल, महामंत्री महेन्द्र शर्मा, उपाध्यक्ष कमलेश मीणा, कुलदीप जोशी, राजेश ढ्रोढू, पप्पु पांचाल, भौरेलाल गुर्जर, नेमीचंद, जगदीश बसीठा, लालाराम सैन, कैलाश सैन, राधेश्याम शर्मा, चन्द्रकांत शर्मा, नितिन जोशी, रतनलाल राय आदि मौजूद रहे।

### पूजा अर्चना के साथ श्रीरामलीला शुरू



**टोंक, (निसं)।** नगर परिषद टोंक द्वारा रामलीला दशहरा महोत्सव आयोजन समिति की ओर से भव्य श्रीरामलीला दशहरा महोत्सव का गांधी पार्क रामलीला रंगमंच पर सोमवार रात्रि को विधिवत पूजा अर्चना के साथ शुभारंभ हुआ। गांधी पार्क रामलीला रंगमंच पर श्रीराधा विनोद लीला संस्था वृंदावन के कलाकारों से मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की लीलाओं का भक्तिपूर्वक मंचन कार्यक्रम का शुभारंभ पं. पवन सागर के सानिध्य में नगर परिषद सभापति अली अहमद, उपसभापति बजरंगलाल वर्मा, दिनेश चौरासिया, मिथलेश गर्ग, राष्ट्रीय कवि प्रदीप पंवार, विष्णु मामा गोयल, मोहन लाल गुर्जर उस्ताद, पार्षद रामचरण साहू, कजोड बैरवा, हरि भाई हरि आदि ने गणेशजी व रामायण की पूजा अर्चना कर किया। इसके बाद कलाकारों ने नारद मोह के मंचन साथ रामलीला की शुरुआत की। जिसको देखने के लिए श्रद्धालु जमे रहे।

### दो दिवसीय शैक्षिक सम्मेलन आयोजित

**पावटा, (निसं)।** राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील के दो दिवसीय शैक्षिक समेलन का शुभारंभ होटल पार्क ग्रीन में राजस्थान प्रदेश कमेटी के सदस्य एवं पूर्व जिला पार्षद जगदीश मीणा की अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि राजस्थान विश्वविद्यालय छात्र संघ अध्यक्ष निर्मल चौधरी रहे। कार्यक्रम में शिक्षक संघ प्रगतिशील के संरक्षक भागीरथ शर्मा, राजस्थान प्रदेश संघ के सभाध्यक्ष जगदीश मीणा, प्रदेश महामंत्री प्रहलाद सहाय जाट, ब्लॉक विराटनगर अध्यक्ष बाबूलाल माली, ब्लॉक पावटा अध्यक्ष महावीर जाट, जिला सभाध्यक्ष चिरंजीलाल गुर्जर एवं धीरज वशिष्ठ सहित अनेक पदाधिकारी एवं सैकडों की संख्या में शिक्षक बंधु उपस्थित रहे। शिक्षा संघ प्रगतिशील के इस दो दिवसीय कार्यक्रम के उद्घाटन में छात्रसंघ अध्यक्ष निर्मल चौधरी ने अपने संघर्ष और गांव, किसान, मजदूर के बच्चों के लिए राजस्थान विश्वविद्यालय में हमेशा सहयोग हेतु तत्पर रहने का प्रण लिया। निर्मल चौधरी ने बताया कि अध्यापक ही समाज का दर्पण है उनके बीच में आकर बहुत गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। कार्यक्रम में प्रदेश सभाध्यक्ष जगदीश मीणा एवं भागीरथ शर्मा एवं रोहिताश बसेठिया ने शिक्षकों से निरंतर अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करते रहने के लिए के लिए कहा ।

### पुरानी पेंशन लागू करने की मांग

**टोंक, (निसं)।** जयपुर विद्युत वितरण श्रमिक संघ संबंध भामस ने विद्युत विभाग में पांचों निगमों में ओल्ड पेंशन स्कीम लागू करने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के अधीक्षक अभियंता जयपुर डिस्काम टोंक को ज्ञापन दिया। संघ के सरंक्षक श्योजीलाल गुर्जर, अध्यक्ष गणेश बंशीवाल, महामंत्री कमलेश चौधरी, विकास चौधरी, निवाई से युसूफ मियां, प्रभुलाल सैनी, एईएन प्रदीप बाहेती, एएओ सतीश मीणा, मीनाक्षी भंडारी, अशोक आदि ने दिए ज्ञापन में बताया कि राज्य सरकार द्वारा 2004 के बाद के सभी राज्य कर्मचारियों को ओल्ड पेंशन स्कीम लागू की गई है, परन्तु विद्युत विभाग के पांचों के निगमों में कार्यरत कर्मचारियों को इस सुविधा का लाभ नहीं दिया जा रहा है। जिसके लिए लगातार सरकार से आग्रह किया जा रहा है। उन्होंने मांग की कि विद्युत विभाग में पांचों निगमों में ओल्ड पेंशन स्कीम लागू की जाए।

### जाराराम रैया कोषाध्यक्ष नियुक्त

**कोटपूतली, (निसं)।** अखिल भारतीय गुर्जर महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. यशवंत सिंह गुर्जर, प्रदेशाध्यक्ष पुरूषोत्तम फागणा के निर्देशानुसार तहसील अध्यक्ष जयराम सिंह गुर्जर ने ग्राम खुर्दी निवासी जाराराम रैया को महासभा का तहसील कोषाध्यक्ष नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति पर सतीश गुरूजी, सुशील रैया, जगदीश रावत, विजय कसाना, मुकेश गुरूजी, हँसराज डोई, नरेश, दयाराम, अमीलाल, दारासिंह आदि ने उनका माल्यार्पण कर स्वागत किया।